बिहार में जल जमाव

3422. श्री आस मोहम्मद:
श्री ईश दत्त यादव:

क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने जल जमाव की समस्या के समाधान के लिए कोई योजना क्रियान्वित की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है; और

(ग) बिहार में इस योजना के अंतर्गत क्या कार्यवाही की गई है?

जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. के. थुंगन): (क) और (ख) जल जमाव की समस्या का समाधान करने वाली योजनाओं का कार्यान्वयन राज्यों द्वारा किया जाता है। बाढ़ को कम करने के संरचनात्मक उपायों के अंतर्गत देश में जल निकास चैनलों के निर्माण समेत अनेक योजनाएं प्रारंभ की गई थी। मार्च, 1991 के अंत तक इन कार्यों पर निम्नलिखित प्रगति हुई है।

(i) तटबंधों की लम्बाई - 15,764 कि.मी.
(ii) जल निकास चैनलों की लंबाई - 31,888 कि.मी.
(iii) सुरक्षा प्रदान किये गये शहर - 857 संख्या
(iv) सुरक्षा प्रदान किया गया क्षेत्र - 14.08 मिलियन हेक्टेयर

सातवीं पंचवर्षीय योजना (3/1990) के अंत तक देश में बाढ़ नियंत्रण उपायों के अन्तर्गत 2429.04 करोड. रुपए व्यय किए गए।

(ग) उत्तरी बिहार की जल निकास संकुलता को दूर करने के लिए एक व्यापक योजना तैयार की गई है और जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार ने गंडक और कोसी कमान क्षेत्रों में कुछ योजनाएं प्रारंभ की हैं। उत्तरी बिहार की जल निकास योजना की कुल अनुमानित लागत 450.59 करोड़ रुपए है। अब तक 1.50 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को जल निकास संकुलता से मुक्त किया गया है।

निम्नलिखित योजनाएं बनायी गई हैं।

क्रम सं.	योजना	अनुमानित लागत (करोड़ रुपए)	व्यय (करोड़ रुपए)
1.	गंडक फेज (-II)	132.70	9.65
2.	कोसी फेज (-II)	81.64	19.86
3.	विशेष क्षेत्र कार्यक्रम	15.60	8.84
4.	एकीकृत जल निकास परियोजना	220.65	0.27
	कुल	450.59	39.12

उत्तरी बिहार में बाढ़ पूंफिंग कार्यक्रम 100 करोड़
(जल निकास संकुलता निवारण समेत)

Irrigation Potential in Orissa

3423. SHRI SARADA MOHANTY:
SHRI RAHASBIHARI BARIK:

Will the Minister of WATER RESOURCES be pleased to state:

(a) the irrigation potential created in the State of Orissa by the end of the Seventh Five Year Plan;

(b) the additional irrigation potential proposed to be created in that State during the Eight Five Year Plan period and the achievements made so far;

(c) the steps taken to expedite the construction of the irrigation projects in Orrissa which have been pending from the previous plan period; and

(d) the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WATER RESOURCES (SHRI P.K. THUNGON): (a) and (b) Targets and achievements of irrigation potential created in Orissa are as under:

Period	Irrigation potential created (lakh hectares)
At the end of Seventh Plan	25.12
Target for Eight Plan	4.84
Achievements during 1992-94	1.05

(c) and (d) Irrigation being a State subject, irrigation projects are planned, funded and implemented by the respective State Government. However, the Eight Plan (1992—97) strategy envisages priority to completion of the on-going Major & medium projects.

गुजरात में कमान क्षेत्र विकास कार्यक्रम

3424. श्री गोपालसिंह जी. सोलंकी:
श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन:

क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गुजरात राज्य के कच्छ जिले में केन्द्र द्वारा प्रायोजित कमान क्षेत्र विकास कार्यक्रम के तहत चल रही सिंचाई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;